## सार-समाचार

### मावली से पालीवाल को दिया टिकट

**उदयपुर/मावली, (कासं)।** भाजपा ने उदयपुर की मावली विधानसभा सीट से 52 वर्षिय केजी पालीवाल को टिकट दिया गया है। इस सीट पर निवर्तमान एमएलए धर्मनारायण जोशी हैं जिनका टिकट काटकर नए ब्राह्मण चेहरे के रूप में केजी पालीवाल को मैदान में उतारा है।आपको बतादे कि मावली सीट पर पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह चुंडावत, दिनेश कावडयिा, गगन सिंह राव और पूर्व विधायक दलीचंद डांगी भी दावेदारी जता रहे थे, भाजपा के लिए ब्राह्मण चेहरे के लिए मावली ही बचा था मावली सीट पर भाजपा ब्राह्मण समाज को साधने के लिए लगी थी। समाज ने मांग भी की थी कि आठों सीटों के चेहरे घोषित हो गए लेकिन एक भी ब्राह्मण को उदयपुर में टिकट नहीं दिया। बीच में यह बात भी चली थी कि प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, उदयपुर शहर अध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली या कपासन से प्रमोद बारेगामा को चुनाव लडाया जाए। इस बीच केजी पालीवाल का नाम चर्चा में आया और पार्टी ने उन्हें टिकट दिया।इसके अलावा निवर्तमान विधायक धर्मनारायण जोशी उदयपुर शहर से लडने के लिए प्रयास कर रहे थे तो वे स्वतः पीछे हट गए। के.जी. पालीवाल भाजपा में नए चेहरे के रूप में सामने आए हैं। वे वर्तमान में साकरोदा ग्राम पंचायत के सरपंच है और मावली के पूर्व उप प्रधान रह चुके हैं। पालीवाल 10०वीं कक्षा तक पढे हैं। पालीवाल प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के नजदीकी माने जाते हैं।इधर टिकट न मिलने से नाराज पूर्व सरपंच पालीवाल का विरोध करते हुए बगावत पर उतर गए है,लेकिन स्थिति नामांकन के अंतिम दिन होगी कि वे बागी के रूप में चुनाव लडते है या पालीवाल के लिए कोई अन्य मुश्किल खडी करते है।बरहाल मावली सीट में चुनाव टक्कर का हो गया है। उल्लेखनीय है कि सामान्य सीट मावली विधानसभा पर पिछली बार भाजपा के धर्मनारायण जोशी चुनाव जीते थे, उनको 99हजार 723 वोट मिले थे और उनके सामने कांग्रेस के पूर्व विधायक पुष्करलाल डांगी थे जिनको 72हजार 745 वोट प्राप्त हुए थे। यहां कांग्रेस ने पुनः पुष्कर लाल डांगी को टिकट दिया है।

### नकदी हड़पने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।**फर्जी डमी व्यक्ति असली बनकर जमीन बेच कर रूपये हडपने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार अम्बामाता थाना क्षैत्र के लई का गुडत्रा गांव के किसानों के साथ फर्जी डमी खातेदार बन कर जमीनों की रजिस्ट्री व मुख्तियारनामा बनाने के आरोप में भेरूसिंह पुत्र महेन्द्रसिंह देवड़ा चतरसिंह देवड़ा ने अलग अलग से प्रकरण अम्बामाता पुलिस थाने मे दर्ज करवाए थे। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निद्रेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र ददादरवाल, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिगारीया के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एएसआई रणजीतसिंह मय टीम ने अनुसंधान में आयुष लोढा द्वारा फर्जी खातेदार से रजिस्ट्री करा कर लाखों रूपये प्राप्त कर अपने भतीजे अमित पुत्र पदमनाभ सिंह लोढा निवासी भुपालपुरा के साथ मिल कर 36 लाख से अधिक की नकदी का गबन करने की जानकारी सामने आई। इस पर आयुष को गिरफ्तार किया। इस मामले में पूर्व में विनेन्द्र उर्फ गोलु पुत्र नरेन्द्र चौहान, पंकज पुत्र वेणीराम डांगी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### मारपीट कर नकदी छीनी

**उदयपुर, (कासं)।** सुखेर थाना पलिस ने पीडित के साथ मारपीट कर नकदी छिन ले जाने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसर ब्राम्हणों का गुडा सुखेर निवासी विरेन्द्र व्यास पुत्र चन्द्रप्रकाश व्यास ने सुखेर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 3 नवंबर रात में मैं अपने पुराने मकान से नये मकान की तरफ जा रहा था। इस दौरान बीच रास्ते अजय ओड़ व साथियों ने मुझे रोक कर मारपीट की तथा मेरी जेब से एक हजार रूपये नकदी छिन ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मकान का निर्माण करवा पीडित को मजदूरी नहीं देने पर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित महेशचन्द्र शर्मा पुत्र मेनहालाल निवासी आयड़ ने सविना पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैने आरोपी लुधिया डेविड पुत्र गायस डेवीड निवासी मेलडी माता सविना का मकान निर्माण करने का काम किया तथा 21 लाख में सौदा तय किया। काम होने पर आरोपी ने 10 लाख का चैक दिया। जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया। इस संबंध में संपर्क किया तो आरोपी ने टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### नकदी व जेवर चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान से चोर नकदी व जेवरात चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नरेन्द्रसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह झाला निवासी भोईयों का गोगुन्दा हॉल पुराना आरटीओं महादेव मंदिर केसाम प्रतापनगर ने पुलिस थानेमें प्रकरण दर्ज करवाया। कि गत दिनों मकान सूना पड़ा था। इस दौरान 1 से 4 नवंबर के बीच अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़ कर चांदी के पायल, सोने की अंगुठी, 60 हजार रूपये नकदी करीब13हजार रूपये गुल्लक की नकदी चुरा ले गए। बाहर से घर लौटने पर इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई पर्वतसिंह कर रहे है।


### गौ महोत्सव के लिए ध्वजारोहण

**बांसवाड़ा, (निसं)।**सालिया गांव के शीतला माता मंदिर प्रांगण में गौ माता के पूजन के साथ गोपाष्टमी महोत्सव के लिए ध्वजारोहण हुआ। दीपावली प्रतिपदा से गोपाष्टमी तक गौनवरात्रि महोत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा इसके लिए सालिया ग्रामवासियों ने गोष्ठी कर गौ माता संवर्धन, संरक्षण और संकीर्तन के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश, वालेंग पटेल, मानेंग पटेल गौ सेवा के कांतिलाल पंड्या, भूपेंद्र जोशी, विकेश त्रिवेदी, आशीष द्विवेदी, सागरमल टेलर ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया।

# कलेक्टर ने फतहसागर पाल और स्वरूपसागर का किया निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** शहर की शान कहे जाने वाले प्रमुख पर्यटक स्थलों की सफा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूर्णतया गंभीर है। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने रविवार सुबह यूडीए और नगर निगम की टीम के साथ फतहसागर की पाल और स्वरूपसागर का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने झील में गंदगी फैलाने वाले होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को चिन्हित कर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

■ **जिन स्थलों से शहर की पहचान, गंदगी से नहीं बिगड़े उनकी शान : कलेक्टर**



जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने सफाई निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिये।

जिला कलक्टर पोसवाल रविवार सुबह फतहसागर की पाल स्थित काला किवाड पहुंचे। यहां से नगर निगम आयुक्त वासुदेव मालावत, यूडीए सचिव राजेश जोशी, नगर निगम अधिशासी अभियंता श्रीमती शैलबाला, सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य अधिकारियों की टीम के साथ पैदल-पैदल रवाना हुए। झील में जलकुंभी निकालने के कार्य का निरीक्षण करते हुए दिशा-निर्देश दिए। मोती डूंगरी, बोटिंग बुकिंग पॉइंट, बम्ब या बाजार, मुख्य पाल आदि स्थलों पर आमजन और पर्यटकों की अधिक आवाजाही के मद्देनजर सफा को लेकर विशेष प्रबंधन के निर्देश दिए। पिछली विजिट में दिए निर्देशों की पालना को लेकर भी जानकारी ली। पाल के दोनों छोर पर बने जनसुविधा स्थलों का भी निरीक्षण कर नियमित सफा को लेकर की गई व्यवस्था की जानकारी ली। इसके पश्चात कलक्टर पोसवाल टीम के साथ स्वरूपसागर नइ पुलिया पर पहुंचे। वहां सड़क किनारे गंदगी और निर्माण सामग्री का मलबा देखकर नाराजगी जता । उन्होंने कहा कि त्यौहारी सीजन में शहरवासी और पर्यटकों का इस रूट से आवागमन रहता है। उन्होंने तत्काल सफा कराने तथा नियमित साफ-सफा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झीलों से उदयपुर शहर की पहचान है। गंदगी से उनकी शान नहीं बिगडनी चाहिए। इसके लिए सभी को सामूहिक रूप से जिम्मेदारी समझनी होगी। झील में गंदगी फैलाने वाले होटल-रेस्टोरेंट संचालकों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए।

# फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली इन्स्टिटियूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज डबोकउदयपुर में बीटेक ए बी सी ए ए एम् सी ए एवं एम् बी ए प्रथम वर्ष सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों की फ्रेशर पार्टी का आयोजन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। जिसमें सभी विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम का आनन्द उठाया ।

संस्थान के निदेशक डा. एन.एस. राठौड ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं समय प्रबन्धन पर बल देते हुए कहा कि गीतांजली इन्स्टिटियूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं अत्याधुनिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से उनके उज्जवल भविष्य को बनाने हेतु अनवरत कार्यरत हैं । फ्रेशर पार्टी हर नये छात्रों के लिए एक सपना होता हैं जहां वे अपने कॉलेज के बारे में पूर्णतया जानकारी प्राप्त करते हुए अपने इस फ्रेशर पार्टी के कार्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नाटक, सोलो डांस, ग्रुप डांस, ड्रामा, फैशन शो व म्यूजिक बैण्ड आदि की





गिट्स में फ्रेशर पार्टी आयोजित हुई।

मनमोहक प्रस्तुतियां दी। एम पी यु ए टी के कॉलेज आफ बासिक साइंस एंड कम्युनिटी की पूर्व डीन रह चुकी डॉ ऋतु सिंघवी को इस कार्यक्रम में जज एवं मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.विशाल जैन, डा.चारू खमेसरा डा. हिना औझा एवं डा. प्रकृति दिक्षित पोरवाल के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर लोकेन्द्र नामा को मिण् फ्रेसर एवं रिया जोशी को मिस फ्रेशर चुना गया। वही दूसरी तरफ ग्रेजुएट स्तर पर गर्व परिहार को मिण् फ्रेशर तथा उमंग पाहुजा को मिस फ्रेशर चुना गया। इसके अतिरिक्त पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट से रनरअप क्रमशः हिमांशु सुथार एवं दीपिका कँवर और प्रद्युमन सिंह राव एवं मनष्वी प्रजापत रहे। बेस्ट परफोमेंस का खिताब फरहान शाह के नाम एवं बेस्ट एन्टरटेनर का खिताब तनिष्क स्वर्णकार के नाम रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजलि धाबाई द्वारा किया गया। इस दौरान वित्त नियंत्रक बीएल जांगीड सहित सभी डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष व अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## मीडिया सेंटर का उद्घाटन

**राजसमंद, ०(निसं)।** प्रदेश में विधानसभा चुनावों के तहत प्रदेश संभाग व जिला स्तर पर मीडिया सेंटर खोले जा रहे है, जिसके तहत जिला मुख्यालय के भाजपा जिला कार्यालय पर जिला मिडिया सेंटर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, जिला प्रवासी प्रभारी मुकेश पटेल व जिला मीडिया प्रभारी अरविंदसिंह भाटी के सानिध्य में किया गया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने कहा कि इस मीडिया सेंटर के खुलने से भाजपा का मीडिया का कार्य और सुदृढ होगा। जिला मीडिया प्रभारी अरविंदसिंह भाटी ने कहा कि इस मीडिया सेंटर में जिले की चारो विधानसभा की मॉनिटरिंग का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी मीडिया संयोजको से समन्वय का कार्य भी होगा। इस दौरान विधानसभा चुनाव प्रभारी देवेन्द्र सोलंकी, वीरेन्द्रसिंह खींची, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर जाट, कोषाध्यक्ष मनोज पारीक, नर्बदाशंकर पालीवाल, मदन भील, ललित तावेड, हजारी भील, सुनील दईया सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फतहसागर पाल पर मैराथन, मतदान का दिया संदेश

**उदयपुर, (कासं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर 25 नवम्बर को मतदान होना है। उदयपुर के सभी नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र की मजबूती में सहभागिता निभाएं।

पोसवाल रविवार सुबह फतहसागर की पाल पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित मैराथन के अवसर पर मतदाताओं से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि उदयपुर शहर का मतदान प्रतिशत पिछले चुनाव में काफी कम रहा था। इस बार चुनाव आयोग ने 85 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य आवंटित किया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि स्वयं भी वोट करें और अपने परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इससे पूर्व काला किवाड़ के समीप से मैराथन का आगाज हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। मैराथन में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्मिक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। युवाओं व महिलाओं ने म्हारो केणो-वोट देणो के नारे लगाकर पाल पर मौजूद आमजन को मतदान का संदेश दिया। मैराथन मुख्य पाल पर टाया पैलेस के समीप पहुंच कर नुक्कड़ सभा में तब्दील हुं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मैराथन के विजेताओं की हौंसला अफजा की। स्वीप प्रकोष्ठ सह प्रभारी पुनीत शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही अवगत कराया कि विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान 25 नवम्बर को होना है। आयोग ने इस बार समय बढ़ाते हुए सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मत मतदान की सुविधा दी है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है, लेकिन आ डी नहीं है। वे बिना वोटर आ डी कार्ड के 12 अन्य तरह के दस्तावेजों की मदद से भी मतदान कर सकते हैं।

## सार-समाचार

### चौरासी से भगोरा भरेंगे आज नामांकन

**डूंगरपुर, (निसं)।** विधानसभा चुनावों के नामांकन के अंतिम दिन के ठीक 2 दिन पहले कांग्रेस ने चौरासी विधानसभा सीट से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। पूर्व सांसद और पूर्व जिला प्रमुख ताराचंद भगोरा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद चौरासी विधानसभा सीट पर 4 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हो गया है। इधर कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा को सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। जिसको लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। इधर भगोरा को टिकिट मिलने से सर्व समाज में उत्साह का माहौल है। क्यों कि भगोरा वर्तमान में किसी पद पर नही ंहोने के बावजूद लगातार क्षेत्र के आम जन से लगातार रूबरू होकर जन समस्याओ के निराकरण में अपनी महत्ती भूमिका निभा रहे थे। ऐसे में चौरासी क्षेत्र में जहां चतुर्थकोणिय संघर्ष है इसे भगोरा के आने से ओर दिलचस्पी बना दिया है। विधानसभा चुनावों को लेकर 6 नवंबर को नामांकन का आखरी दिन है। डूंगरपुर जिले की 3 सीटों पर कांग्रेस अपने प्रत्याशी उतार चुकी थी, लेकिन चौरासी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर पेंच फंसा हुआ था। यहां कांग्रेस से पूर्व सांसद और पूर्व जिला प्रमुख ताराचंद भगोरा के अलावा चिखली पंचायत समिति से पूर्व प्रधान और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मेंबर महेंद्र बरजोड के बीच कडी टक्कर थी। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान भी निर्णय नहीं कर पा रहा था,लेकिन शनिवार रात को जारी लिस्ट में कांग्रेस ने प्रदेश के 23 प्रत्याशियों के साथ ही चौरासी विधानसभा सीट पर भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी। चौरासी विधानसभा सीट पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा पर पार्टी ने भरोसा जताया है। भगोरा डूंगरपुर जिले के कांग्रेस के सबसे बडे वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते हैं। चौरासी सहित जिलेभर में उनकी मजबूत पकड है। ऐसे में नामांकन पहले उनके नाम का ऐलान कर दिया। इसके बाद चौरासी विधानसभा सीट पर मुकाबला कडा हो गया है। कांग्रेस ने ताराचंद भगोरा को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा से पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा,बीएपी से मौजूदा विधायक राजकुमार रोत और बीटीपी से रणछोडलाल ताबियाड के बीच कडा मुकाबला देखने को मिलेगा।

### मासिक साहित्य संगोष्ठी आयोजित

**राजसमंद, ०(निसं)।** जिला मुख्यालय पर साकेत साहित्य संस्थान की मासिक साहित्य संगोष्ठी गांधी पार्क में आयोजित हुई। संगोष्ठी की शुरुआत दाऊ दर्शन पालीवाल द्वारा प्रस्तुत मां शारदे ज्ञान का प्रकाश दे सरस्वती वंदना से हुई। रामगोपाल आचार्य ने मेवाड धरा के वीरों ने शत्रु के शोणित से नाले पाटे हैं, दुश्मन को राणा ने अश्व सहित दो भागों में बांटे हैं रचना प्रस्तुत की। राकेश पण्डया ने गजल तन्हा न अब अपने आप को पाइए जनाब। पूरण शर्मा ने काग उडावण धन खडी, आयो पीव पडत आधी काग गले आधी गी तडक। लेखराज मीणा ने चुनावी बादल कितना बरसेंगे। रजनी पालीवाल ने माता रानी का भजन दे दे थोडा प्यार मैया मधुर आवाज में गाया। नरेंद्र चंचल ने उसने कहा चाहता है क्या। परितोष पालीवाल द्वारा प्रतिनिधि जो हमको छलते हैं उनको मत तो मत दो रचना प्रस्तुत की। चंद्रशेखर नारलाई ने वह उदय कभी ना अस्त हुआ जब ढाल बनी मां पन्ना हो। नारायण सिंह राव निराकार ने मतदान जागरूकता के संदर्भ में ले कर जाना बी एल ओ पर्ची। कमलेश जोशी ने वोट का महत्व बताते हुए वोट जरूर देणो है। दाऊ दर्शन पालीवाल जिनको भेजे हैं चुन करके हमसे अनजान हो गए पहले तो इंसान थे भैया कुर्सी पा कर हैवान हो गए। डॉ देवकीनंदन नंदवाना ने इनका जीवन कैसा जीवन केवल जिंदगी जीते हैं। पुष्पा पालीवाल ने खम्मा खम्मा थाने घणी म्हारी वीणा पाणी मां। ज्योत्सना पोखरना ने हम वोट करें राष्ट्रधर्म निभाकर प्रस्तुत की

### तैयारियों से कराया अवगत

**राजसमंद, ०(निसं)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने शनिवार को जयपुर में शासन सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदान दिवस पर चिन्हित मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग, 80 वर्ष से अधिक आयु के एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलट और वाहन पास की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिले के दो आईटी वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष से जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश बुनकर, नाथद्वारा मंदिर मंडल सीईओ, आरओ बृजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी सक्सेना ने जिले में की गई तैयारियों से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में 13995 वल्नरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है। इन समेत 26०84 मतदान केन्द्रों पर पर लाइव वेबकास्टिंग को सुचारू चलाने के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति, चालू हालत में विद्युत पावर पॉइंट, टेली कनेक्टिविटी आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### नियंत्रण कक्ष का किया अवलोकन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** विधानसभा चुनाव के लिए घाटोल एवं गढी के लिए नियुक्त प्रेक्षक देबाशीस दास तथा बांसवाडा विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक युधिष्ठिर नायक ने रविवार को जिला कलक्ट्रेट स्थित चुनाव नियन्त्रण कक्ष का अवलोकन कर संचालित की जा रही चुनाव गतिविधियों की जानकारी ली। जिला कलक्ट्रेट स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र में विधानसभा चुनाव के तहत स्थापित नियन्त्रण कक्ष में दोनों प्रेक्षको ने नियुक्त कार्मिकों से चुनाव के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों एवं रेकार्ड संधारण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी कलक्टर प्रकाशचन्द्र शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला भी मौजूद थे।

### नामांकन रैली व आमसभा आज

**राजसमंद, (निसं)।** विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी नारायणसिंह भाटी सोमवार को रैली के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं सोमवार को ही कांग्रेस की पहली चुनावी सभा भी होगी। कांग्रेस प्रत्याशी भाटी विशाल रैली के साथ नामांकन प्रस्तुत करने जाएंगे। इसके तहत भाटी प्रातः प्रभु श्री द्वारकाधीशजी के दर्शन करेंगे।

# दो दिवसीय विश्व फिजियोथेरेपी कांग्रेस का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** कोविड के पूर्व और उसके बाद टेली हैल्थ के संदर्भ में हेल्थकेयर सिस्टम में आए बदलावों और फिजियोथैरेपी के परिदृश्य पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संघटक फिजियोथेरेपी चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से रविवार को प्रतापनगर स्थिति आईटी सभागार में आयोजित पांचवी दो दिवसीय वर्ल्ड फिजियोथेरेपी कांग्रेस के समापान सत्र के मुख्य अतिथि डॉक्टर कैलाश सोडाणी कुलपति (वर्धमान महावीर खुला विवि कोटा) ने कॉविड काल के दौरान फिजियोथेरेपिस्टों की सराहनीय और सकारात्मक भूमिका पर बोलते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र की इस विद्या के कार्यों और आशाजनक परिणामों से देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई छवि निर्मित हुई है।

फिजियोथेरेपी के द्वारा आज गंभीर बीमारियों का भी इलाज संभव हो पाया है। साथ ही इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता। फिजियोथेरेपी के माध्यम से जनस्वास्थ को ओर भी अच्छा बनाने के लिए इसके मूलभूत सिद्वान्तों को विद्यालयी शिक्षा में जोड कर बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.





विश्व फिजियोथेरेपी कांग्रेस के समापन पर प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत आदि मौजूद रहे।

एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि कोरोना के दौरान फिजियोथेरेपी चिकित्सा पद्धति उपयोगी सिद्ध हुई है । कॉविड के समय की परिस्थितियों और उसके बाद के प्रभावों ने नई नई चिकित्सा तकनीकों की ओर हम सभी का ध्यान खीचा है।

उसमें टेलीहैल्थ भी उनमें से एक है। फिजियोथेरेपी के साथ टेलीहैल्थ-टेलीरिहेब आज के समय की बहुत बडी मांग है। जिस तरह से जीवनचर्या में बदलाव देखने में आ रहा है ऐसे में स्वयं को स्वस्थ और फीट रखना एक बडी चुनौती से कम नहीं हैं और ऐसे चुनौतिपूर्ण समय में फिजियोथेरेपी और टेलीहैल्थ- टेलीकम्यमूनिकेशन एक ऐसा जरिया बन कर उभरा है जो सहज और सरल इलाज का पर्याय बनता जा रहा है। थोडी जागरूकता को अपना कर हम इस विद्या का लाभ उठा कर स्वस्थ जीवन की डगर पर चल सकते है। विशिष्ट अतिथि विद्यापीठ के कुलप्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि भारतीय चिकित्सा परंपरा में फिजियोथेरेपी बहुत ही प्राचीन पद्धति है जो वर्तमान के नवीन तकनीकी ज्ञान के साथ जुड कर आधुनिक चिकित्सा में अपना अहम योगदान दे रही है। आयोजन सचिव डॉ. शैलेन्द्र मेहता ने बताया कि समापन सत्र में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले डाक्टर्स को विभिन्न अवार्डो से नवाजा गया। है। कॉन्फ्रेंस में 300 से अधिक शोध पत्रों, 15 मॉडल तथा 60 पोस्टर का वाचन व प्रदर्शन किया गया।

## शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।**शहर के एक निजी होटल परिसर में रविवार को केमिस्ट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह एवं दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें संरक्षक पद पर रमेशचंद्र बोरा, नवीन मेहता, संजय गांधी, देवराम मेहता को मनोनीत किया। इसके पश्चात अध्यक्ष भूपेंद्र उपाध्याय, सचिव सिद्धार्थ जैन, कोषाध्यक्ष आंनद जैन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई उपाध्यक्ष पद पर वीर प्रकाश जैन, भीखालाल प्रजापत, मोहनलाल पाटीदार, रमेश असावत, विजय पुरोहित, सहसचिव ललित सेठ, प्रदीप गमोट, सुनील भट्ट, दीपेश असावत, सह कोषाध्यक्ष दीक्षांत जैन, संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश सारगिया, नयनेश भट्ट, दिपेश शाह, दीक्षांत शाह, सांस्कृतिक मंत्री गिरीश जोशी,मीडिया प्रभारी नरेश जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि जैन, प्रवीण प्रजापत, नरेश जैन, अभय मालवी, जयप्रकाश, किशोर उपाध्याय, लालूराम सालवी, हितेंद्र जैन, यतीश जैन, पंकज कंसारा, विवेक गांधी, जयेश पंड्या, सचिन जैन, नरेंद्र पंचाल, कपिल जैन, राजेश जैन, जयेश जोशी समस्त कार्यकारिणी को उपस्थित अतिथियों द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई कार्यक्रम में विशिष्ठ पद पर पूरणमल दावडा, रमेश चंद्र जैन, संजय गांधी, नवीन मेहता अध्यक्ष उद्बोधन में भूपेंद्र उपाध्याय ने सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए संगठन को गतिशीलता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर के अनुसंधान निदेशालय में संस्थागत विकास कार्यक्रम के अंतर्गत "प्राकृतिक खेती से स्थायित्व कृषि एवं पारिस्थितिकी संतुलन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर एस. के. शर्मा, सहायक महानिदेशक मानव संसाधन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राकृतिक कृषि की महत्वता को देखते हुए प्राकृतिक खेती पर स्नातक छात्रों के लिए विशेष पाठयक्रम पूरे राष्ट्र में आरंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से मृदा स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी संतुलन अच्छा रहेगा जिससे कृषि में स्थायित्व आयेगा। इस हेतु सभी विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों, शिक्षकों विषय विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया की महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का प्राकृतिक खेती में वृहद अनुसंधान कार्य एवं अनुभव होने के कारण यह यह विशेष दायित्व विश्वविद्यालय को दिया गया है। विदित है कि राजस्थान कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के



प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह पाल ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक कृषि में सस्य क्रियाएं एवं प्राकृतिक खेती के उदे्श्य दृष्टि एवं सिद्धान्त पर अपना उद्बोधन दिया। प्राकृतिक खेती के विषय में पूरे विश्व की दृष्टि भारत की ओर है ऐसे में पूरे विश्व भर से वैज्ञानिक एवं शिक्षक प्रशिक्षण हेतु भारत में आ रहे हैं ऐसे में हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम उत्कृष्ट श्रेणी के प्रशिक्षण आयोजित करें।

विशिष्ट अतिथि डॉ. पी. के. सिंह परियोजना प्रभारी आईडीपी, नाहेप ने रसायनों के अविवेक पूर्ण उपयोग से होने वाली आर्थिक, पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानियों के बारें में बताया। उन्होंने कहा की सभी को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना एवं प्रकृति तथा पारिस्थितिक कारकों को कृषि में समावेश करके ही पूरे कृषि तंत्र को "शुद्ध कृषि" में रूपांतरित किया जा सकता है। डॉक्टर सिंह में कहां की प्राकृतिक खेती को अपनाने के साथ-साथ हमें बढती जनसंख्या के लिए पर्याप्त खाद्य उत्पादन को दृष्टि में रखना चाहिए।डॉ. एस. एस शर्मा, अधिष्ठाता, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने प्राकृतिक खेती के महत्व को देखते हुए एवं इसे कृषि में स्थापित करने हेतु पाठ्यक्रम का निर्माण किया गया है।